हम श्याम से मिलने ।। By Mukesh Bagda

दिन महीने साल ना अब कट पाएंगे
हम दर्शन करने श्याम प्रभु के जायेंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना
प्यासे नैनो को ना अब तरसाएँगे
हम दर्शन करने श्याम प्रभु के जायेंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना

मत घबराओ आ जाओ, इनके चरणों में
सौंप दो अपना जीवन ये, इनके हाथों में
ये ही तो सच्चा साथी है इस झूठी दुनिया में
झूठी दुनिया में ....
ऐसे साथी से हम प्रीत लगाएंगे
और प्रीत लगाकर उनको मीत बनाएंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना

तेरे सिवा अब श्याम मेरे कोई चाह नहीं
तू जब साथ है मुश्किल कोई राह नहीं
क्या हुआ ऐ मुश्किल जीवन की राहों में
जीवन की राहों में ....
हर मुश्किल आसान वो श्याम बनाएंगे
फिर इन राहों में फूल बिखरते जायेंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना

मोह माया के बंधन से, आज़ाद करो
बीच भवर से नैया मेरी पार करो
मतलब के हैं सारे रिश्ते झूठ सब नाते
झूठे सब नाते.........
संगी साथी अमन यहीं रह जायेंगे
हम श्याम को पाकर जीवन धन्य बनाएंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना
सब विपदाओं से वो मुक्ति दिलाएंगे
मेरे श्याम प्रभु जब मुझको गले लगाएंगे
देखेंगे......देख लेना
देखेंगे......देख लेना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a8%e0%a5%87%e0%a5%a4-by-mukesh-bagda/